महत्वपूर्ण एवं खास

घर में चोरी करने घुसा युवक रंगेहाथ पकड़ाया

रायपुर (आरएनएस)। डीडीनगर थाना क्षेत्र के कटरियावाद स्थित मकान में चोरी करने घुसे दो युवकों में से एक युवक रंगे हाथ पकड़ा गया। वहीं दूसरा युवक मौके से भाग निकला था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया शैल कटरिया 53 वर्ष पानी टंकी के पास कटरियावाद की रहने वाली है। बताया जाता है कि वह रात अपने घर में अंदर से दरवाजा बंद कर सोई थी कि दो अज्ञात चोर द्वारा दरवाजे को खोलकर चोरी करने पर अंदर घुसे थे, जिसकी आहट सुनकर उठे और चिल्लाने से घर के सदस्यों द्वारा एक चोर को रंगे हाथ पकड़ा गया दूसरा चोर मौके से भाग निकला। पकड़े गये चोर का नाम पुछने पर मयंक सोनी उर्फ विशु निवासी डंगनिया का रहने वाला बताया। तब पुलिस को फोन कर बुलाने के बाद उसके जेब की तलाशी लिये जाने पर प्रार्थिया के घर से चुराई हुई एक पुरानी घड़ी एवं नगदी रकम 700 रुपये मिला था। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उसका फरार साथी चेतन मंडावी 20 वर्ष को भी गिरफ्तार किया है।

चिल्फी छात्रावास में कार्यरत पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या, आरोपी फरार

कवर्धा (आरएनएस)। कवर्धा वनांचल क्षेत्र के थाना चिल्फी अंतर्गत चिल्फी के छात्रावास में कार्यरत दशरथ यादव उम्र 55 वर्ष जोकि पारिवारिक विवाद होने के और झगड़ा होने से अपनी ही पत्नी सीमा यादव 35 वर्ष की डंडे से वार कर हत्या कर दी शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया। 302 का मामला दर्ज किया गया। मृतिका आरोपी की दूसरी पत्नी थी पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है तथा उसके 3 बड़े बच्चे हैं दूसरी की 6 वर्षीय पुत्री है आरोपी दशरथ यादव फरार है ।पुलिस आरोपी की पता तलाश करने में जुटी है।

कुंए में अधेड़ की तैरती मिली लाश

कोरबा (आरएनएस)। बालको नगर थाने की रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बुंदेली के नयाडीह निवासी एक अधेड़ की आज सुबह कुएं में तैरती लाश मिलने के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच कार्रवाई शुरू कर मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बुर्देली के नयाडीह निवासी बिलासराम मंझवार उम्र 54 वर्ष अपने घर में गत रात्रि खाना खाने की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान वह बाड़ी स्थित कुएं से पानी निकालने के लिए गयाए वहां पानी निकालते वक्त अचानक पैर फिसलजाने से कु एं में जा गिरा। जिसके कारण कुएं के गहरे पानी में डूबने एवं ठंड के चलते उसकी कुएं में जलसमाधी हो चुकी थी। इधर परिजन उसे खोजने लगे लेकिन कहीं नही दिखा। इस वजह से परिवार के सदस्य समझे की वह पड़ोस में अपने किसी परिचित के यहां गया होगा। बताया जाता है कि देर रात तक बिलासराम मंझवार के संबंध में कोई जानकारी परिवार के सदस्यों को नहीं हुई। जिसके बाद सभी लोग अपने.अपने श्यन स्थल में जाकर सो गए। आज सुबह कुंए में उसकी तैरती लाश दिखी जिसके कारण पूरे वन्य ग्राम बुंदेली नयाडीह में एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना की सूचना मृतक के पुत्र रंगलाल मंझवार उम्र 30 ने रजगामार चौकी पहुंचकर दी। रजगामार चौकी पुलिस ने सूचक द्वारा सूचना दिए जाने पर शून्य पर मर्ग कायम कर लिया। चौकी प्रभारी राजेश चद्रवंशी के निर्देश पर घटना स्थल पहुंचे पुलिस कर्मियों ने प्रथम दृष्टया पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के शव को कुएं से निकलवाया, जिसके बाद उसे पीएम के लिए रजगामार चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोरकोमा में स्थित पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया। वहां पदस्थ चिकित्सक ने शव को पीएम करने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया।

देश की आजादी और नव निर्माण में स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त का बहुमूल्य योगदान रहा - मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- मुख्यमंत्री शामिल हुए स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त के जयंती समारोह में
- विधान पुरूष पुस्तक का किया विमोचन
- छत्तीसगढ़ विधानसभा में स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त का तैल चित्र लगाने की मांग का मुख्यमंत्री ने किया समर्थन: विधानसभा अध्यक्ष से करेंगे आग्रह

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सवेरे यहां अपने निवास कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और संविधान निर्माण सभा की हिन्दी ड्राॅफ्ट कमेटी के अध्यक्ष स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त के जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। देश की आजादी और देश के निर्माण में तथा संविधान निर्माण में उनका बहुमूल्य योगदान था। ऐसे महापुरूष की याद में जयंती समारोह का आयोजन एक सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री बघेल ने घनश्याम सिंह गुप्त स्मृति आयोजन समिति द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में उनका तैल चित्र लगाने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि वे इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत से इस संबंध में आग्रह करेंगे। उन्होंने

कहा कि नवा रायपुर के एक चौक का नामकरण स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त के नाम पर किया जाएगा और वहां उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्ग निवासी स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त सीपीएंड बरार प्रांत की विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष भी रहे।

मुख्यमंत्री ने समारोह में स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तक 'विधान पुरूष' का विमोचन भी किया। इस पुस्तक के लेखक संजीव तिवारी हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने पुस्तक के लेखक तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने हमारे पुरखों की सुरता कर उनकी स्मृतियों को संजोने का सराहनीय प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने संजीव तिवारी को आयोजकों की ओर से सम्मानित करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी संस्कृति, सभ्यता और तीज त्यौहारों को नया जीवन देने का कार्य बखूबी किया जा रहा है। हमारे पुरखों का सम्मान बढ़ा है और छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान को बल मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे मूर्धन्य पुरखों की स्मृतियों को संजोने के लिए नवा रायपुर के चौक-चौराहों का नामकरण उनके नाम पर करने और वहां पुरखों की मूर्ति स्थापित करने का सराहनीय निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष शालिनी यादव, घनश्याम सिंह गुप्त स्मृति आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर लाल ताम्रकार ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष और नगर पालिका निगम दुर्ग के सभापति राजेश यादव, पूर्व पार्षद डॉ.राघवेन्द्र सिंह गुप्ता, सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कमल नारायण रूंगटा, दुर्ग के पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा सहित अश्वनी साहू, अखिलेश यादव, स्वर्गीय घनश्याम सिंह गुप्त के परिवार के सदस्य और नागरिक उपस्थित थे।

आठ सिंचाई योजनाओं के लिए 22.64 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की आठ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 22 करोड़ 64 लाख 35 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के कार्य पूरा होने पर 1 हजार 830 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। सूरजपुर जिले के विकासखण्ड-प्रतापपुर की गोंदा उद्वहन योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए की 3 करोड़ 71 लाख 67 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 303 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-प्रतापपुर की रेवटी एनीकट निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 59 लाख 41 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 80 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-प्रतापपुर की दरहोरा एनीकट निर्माण कार्य

के लिए 3 करोड़ 2 लाख 44 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 95 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-भैयाथान की चंदरपुर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 37 लाख 53 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के कार्य पूरा होने से 214 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

सरगुजा जिले के विकासखण्ड-सीतापुर की डोमनीनाला व्यपवर्तन में पक्का चैनल, 04 नग नवीन स्ट्रक्चर एवं मुख्य नहर में मिट्टी कार्य के लिए 3 करोड़ 7 लाख 26 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। कार्य पूरा होने से 370 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-लुण्ड्रा की गुजरवार व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं मुख्य नहर में पक्का चैनल का निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 42 लाख 66 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के कार्य पूरा होने से 364 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। सरगुजा जिले के विकासखण्ड-बतौली की सलियाडीह जलाशय के नहर में मिट्टी कार्य, पक्के सरंचनाओं एवं पक्की चैनल निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 63 लाख 83 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-बतौली की सेदम व्यपवर्तन योजना के नहर में पक्का चैनल निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 79 लाख 55 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के कार्य पूरा होने से 202 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

रबी फसल में मड़िया फसल पर रुचि ले रहे किसान

कांकेर (आरएनएस)। कृषि विभाग के मिलेट मिशन योजनान्तर्गत ग्राम लखनपुरी में कृषक हेमलता जुर्री के यहां रागी प्रदर्शन हेतू नर्सरी तैयार किया गया, धान के बदले रबी में मडिया लगाने से कृषक को कम लगत में अच्छी उत्पादन प्राप्त होता हैं एवं बीज निगम में पंजीयन करा कर उचित मूल्य प्राप्त कर सकते है। मडिया फसल धान कुल की फसल हैं पर काम पानी लगने के कारण पानी की बचत होती है एकड़ में मडिया का फसल प्रदर्शन आयोजित किया गया है एवं बीज निगम मे पंजीयन कराया गया हैं। देवन्द्र कुंजाम ने कार्यक्रम में किसानों को मडिया की गुणवत्ता और कम लागत में अधिक पैदावार सहित आय में वृद्धि को बताया और किसानों को फसल अपनाने की सलाह दिया गया और किसानों को कहाँ गया की फसल की समस्त जानकारी और प्राथमिक तकनीक कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिया जायेगा। फयल पैदावार से ब्रिक्री तक विभाग किसानों की सम्पूर्ण सहायता करेंगे। इस दौरान असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर आत्मा देवेंद्र कुंजाम और गोपाल कृष्ण, कृषि विस्तार अधिकारी हिमांशु मंडावी, दिलीप ताराम कर्षक मित्र व सहभगी समाज सेवी संस्था से सरस्वती निषाद सहित ग्राम के कृषक उपस्थित रहे।

हाथियों का दल लौटा घोटमार

कोरबा (आरएनएस)। वन मण्डल कोरबा के करतला रेंज अतंर्गत घोटमार जंगल में पिछले एक पखवाड़े से डेरा डाले हाथियों का दल बीति रात आगे बढक़र कोरबा रेंज की सीमा पर स्थित गेराव पहुंच गए और यहां उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को आंशिक नुकसान पहुंचाया तथा एक अन्य के आंगन में प्रवेश कर वहां रखे धान व चावल को चट कर दिया । ग्रामीणों द्वारा हो हल्ला मचाया जाने तथा वन विभाग की टीम द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों का दल फिर वापस लौट कर घोटमार जंगल पहुंच गया आज सुबह हाथियो के इस दल को यहां विचरण करते हुए देखा गया । क्षेत्र में 25

हाथी सक्रिय है जो जंगल ही जंगल घूम रहे थे। लेकिन बीति रात हाथियो ने आगे बढक़र कोरबा रेंज की सीमा में प्रेवश किया था। लेकिन फिर वापस लौट गया।

इसी दल में शामिल एक दंतैल हाथी अलग होकर धरमजयगढ़ चला गया था। खबर है कि यह दंतैल फिर वापस लौटकर रात में कुदमुरा क्षेत्र में पहुंच गया उधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में भी हाथियो का दो अलग अलग झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें से एक दल साल्ही पहाड़ तथा एक अन्य दल कोरबी सर्किल में मौजूद हे दन हाथियो ने अरहर फसल को मामूली नुकसान पहुंचाने के अलावा कोई बड़ा नुकसान नही पहुंचाया है।

गोबर पेंट से सजाया जा रहा रिसाली निगम कार्यालय

रिसाली (आरएनएस)। सरकारी भवनों को गोबर पेंट से रंग रोंगन किए जाने मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन नगर पालिक निगम रिसाली ने 24 घंटे के भीतर किया। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर कार्यालय भवन की पुताई प्राकृतिक रंग (गोबर पेंट) से किया जा रहा है। रंग रोंगन कार्य गुरूवार से शुरू किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को निर्देश जारी किया है कि गोबर से तैयार प्राकृतिक पेंट से ही सरकारी भवनों और स्कूल कॉलेजों की साज सज्जा की जाए। रसायनिक रंग का उपयोग

नहीं किया जाए। प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश् पश्चात ही प्राकृतिक पेंट से ही परिसर को सजाया जा रहा है।

रायपुर से मंगाया जा रहा है पेंट

कार्यालय भवन को सजाने का कार्य अधिकारियों की उपस्थिति में शुरू किया गया। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने निर्देश दिए है कि सभी सरकारी भवन और नए निर्माण किए गए भवनों की पुताई प्राकृतिक पेंट (अष्टलाभ) से किया जाए। जिले में पेंट उपलब्ध नहीं होने से प्रदेश की राजधानी रायपुर से खरीदी की गई।

दो वर्ष बाद चढ़ रहा रंग

उल्लेखनीय है कि निगम कार्यालय का रंग रोंगन दो वर्ष पूर्व कराया गया था। कार्यालय उद्घाटन के बाद निगम प्रशासन ने बाउन्ड्रीवाल रिपेयरिंग के साथ ही रंग रोंगन करने निविदा जारी किया है। खास बात यह है कि 26 दिसंबर को रिसाली निगम का तीसरा स्थापना दिवस है। यही वजह है कि कार्यालय भवन को सजाया जा रहा है।

खम्हरिया के 5 खिलाड़ियों ने जीते दुर्ग जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 5 पदक

दुर्ग (आरएनएस)। शैलेश लेटेस्ट अकैडमी सेक्टर -4 भिलाई में आयोजित दुर्ग जिला इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में संकल्प स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन खम्हरिया के 5 एथलीटों ने पदक अपने नाम किए। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विरेंद्र सतपथी जी सीएसपी दुर्ग अध्यक्ष उदय एथलेटिक संस्थान , अध्यक्षता राधा कृष्ण पिल्ले (सचिव छत्तीसगढ़ ऐथलेटिक्स एसोसिएशन), पी.जे सेबेस्टियन ने खिलाड़ियों को मेडल प्रशस्ति पत्र एवं नगद इनाम से सम्मानित किया गया। परिणाम-(1)14 वर्ष आयु समूह में ट्रायथलान सी ग्रुप में भोज राम यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हें 600 रुपए नगद, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।(2) पुष्पेंद्र भारती 16 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इन्हें 400 रुपए नगद , प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।(3) जयकुमार देश लहरे 14 वर्ष आयु वर्ग में ट्रायथलॉन सी ग्रुप में तृतीय स्थान किड्स जैवलिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया इन्हें पीयूष देशलहरे 14 वर्ष आयु वर्ग किड?स जेवलिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन्हें प्रशस्ति पत्र मेडल देकर सम्मानित किया गया।खिलाड़ी बच्चों की उपलब्धि के लिए शालिनी रिवेंद्र यादव (अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग), देवेंद्र देशमुख (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग) हर्ष साहू समाजसेवी, बंटी हरमुख (उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल बोर्ड छ.ग.शासन), योगिता चंद्राकर (सदस्य जिला पंचायत कृषि सभापति) झमित गायकवाड ,(उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग) दिवाकर गायकवाड़ जी, (अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति उतई), मधुवंती मधुकर (जनपद सदस्य खम्हरिया) बालकदास डहरे (मुख्य प्रशिक्षक- संकल्प स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन खम्हरिया), संकल्प स्पोर्ट्स एण्ड कल्चरल एसोसियेशन खेम्हरिया के समस्त पदाधिकारीगण एवं संरक्षक अनिल चतुर्वेदी कार्यकारी अध्यक्ष) , सुखीराम यादव (सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया) दुष्यंत साहू, शेष नारायण पटेल, डॉक्टर रोहित डहरे, हेमंत यादव (सहायक प्रशिक्षक खम्हरिया), रोहित साहू (शिक्षक) लोकनाथ साहू,हेमन देशलहरे, बलराम चंद्राकर, हीरा राम साहू, चुरामन साहू, डाला राम साहू, चंद राम साहू,कोमल देशलहरे ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी?

आलू की खेती आरंभ : अलग-अलग बाड़ियों में बोई जा रही अलग तरह की फसल

दुर्ग (आरएनएस)। पांच सौ बरस पहले पोलैंड से आलू भारत पहुंचा और अब बिना आलू की सब्जी की कल्पना कठिन है। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ के मैदानी भागों में आलू की खेती नहीं हो रही थी। इसका कारण यह नहीं था कि क्लाइमेट का साथ नहीं था अथवा इसमें तकनीकी विशेषज्ञता जरूरी होती है। कारण यही था कि किसानों को ऐसा प्रोत्साहन नहीं था कि वो नवीन चीजें करें अथवा ऐसा कोई माध्यम नहीं था जिससे वो नई चीज होते देखें। खेती में यह जड़ता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के आने के बाद टूट गई है। सामुदायिक बाड़ी जमराव

में आज आलू बोये जा रहे हैं। यह पहली बार हुआ कि सामुदायिक बाड़ी में आलू की फसल बोई गई हो। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक उद्यानिकी श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन के मार्गदर्शन में सभी बाडिय़ों के लिए प्लान बनाया गया है। इनमें जमीन की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग तरह की सब्जी चुनी गई है। जमराव, केसरा और करेला के लिए हमने आलू चुना है और इसकी खेती आरंभ कर दी गई है। इसका उत्पादन 30 क्विंटल पर हेक्टेयर होता है। इसका उत्पादन पांच से छह गुना होता है इसलिए लाभ की अच्छी गुंजाइश होती है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा घरेलू उपयोग के लिए भी यह काम आयेगा। घर की बाड़ी में दूसरी सब्जी हो जाती है लेकिन आलू अभी भी खरीदना होता है तो इसका खर्च बच जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए यह अच्छा सीजन है। तापमान भी अनुकूल है। इस संबंध में सारी तकनीकी जानकारी दे दी गई है। आलू का उत्पादन करने के इच्छुक किसानों को भी इसके बारे में बताया गया है। यहां काम देख रहे उद्यानिकी परिक्षेत्र अधिकारी बीआर गुलेरी ने बताया कि आज ही सामुदायिक बाड़ी में इसकी खेती आरंभ की गई है।

इसके नतीजे आने से अन्य किसान भी उत्साहित होंगे। इस संबंध में चर्चा करने पर नव ज्योदि समूह की अध्यक्ष और इस कार्य में लगी दीपा साहू ने बताया कि नया काम करना अच्छा लगता है। गौठान में नया नया काम करते हैं तो बढिय़ा लगता है। इस बार आलू बो रहे हैं। आलू तो बिकना ही है सब लोग खाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए तकनीक भी बताई गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रुप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रुप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रुप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् उच्च पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित नियमित कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

समी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU